

GPS Map Camera
Bharangpur, Uttar Pradesh, India
MVMW+CPC, Bharangpur, Uttar Pradesh 245201, India
Lat 28.684127°
Long 77.896937°
20/11/23 01:39 PM GMT +05:30
Google

हर घर जल
जल जीवन मिशन
उत्तर प्रदेश

# राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन)

'घरेलू क्रियाशील नल संयोजन (FHTC)' को अपनाने के लिये समुदाय को प्रेरित किये जाने हेतु जनपद के समस्त राजस्व ग्राम पंचायत स्तर के सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल एवं स्वच्छता मेले का आयोजन।

राजस्व ग्राम पंचायत : मड़गपुर मजरा भिमयारी विकासखण्ड : हापुड़ जनपद : हापुड़

## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश के माध्यम से सूचीबद्ध एजेन्सी **विलसन ग्रीन इंड्स्ट्रीज़ प्रा0 लि0** के द्वारा दिनांक 20/11/23 को राजस्व ग्राम पंचायत स्तर पर जन–मानस के मध्य जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजना अन्तर्गत, पाइप पेयजल आपूर्ति, फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन (FHTC), शुद्ध एव सुरक्षित पेयजल तथा दूषित जल से होने वाली जल–जनित बीमारियों–जे.ई./ए.ई.एस., टाइफाइड, मलेरिया, डायरिया, फाइलेरिया, कालरा व इन्सेफलाइटिस से बचाव हेतु ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थलो पर पेयजल एंव स्वच्छता सम्बन्धी स्टाल लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध पेयजल स्रोतों के सही उपयोग हेतु उनके रख–रखाव तथा दूषित जल के सही निस्तारण हेतु जिम्मेदारी के साथ–साथ ग्राम पंचायत मे पेयजल योजना के रख–रखाव हेतु आवश्यक प्रशिक्षित तकनीकी/कुशल मानव कार्मिको के बारे में जानकारी देना, पेयजल के सही उपयोग (जैसे पेयजल को स्वच्छ रखना, ऊँचे सुरक्षित स्थान पर ढककर रखना तथा टस्नी/डन्डीदार लोटे द्वारा जल पात्र से निकालना, बरसात के दिनों में पेयजल को उबालकर अथवा क्लोरिन के उपयोग उपरान्त पीने के प्रयोग में लाना आदि) तथा पेयजल स्रोतों के समीप मच्छरों के अण्डों एवं लार्वा का केरोसीन तेल/मोबिल ऑयल आदि डालकर उन्मूलन करना, आर्सेनिक तथा फ्लोराइड एवं उसके रिमूवल संयंत्र आदि विषयो से आम जन–मानस को संस्था द्वारा स्टाल लगाकर एक्सपर्ट के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजना के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम के जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजना अन्तर्गत, पाइप पेयजल आपूर्ति, फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनैक्शन (FHTC), शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा स्वच्छता एव दूषित जल से होने वाली जल–जनित बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान एजेन्सी द्वारा वाहन, साउण्ड सहित माईक प्रयोग, विभिन्न तरह की स्टैण्डीज इत्यादि व्यवस्था के साथ स्टाल लगाकर स्वछता सामग्री, आई.ई.सी. मटेरियल–बुकलेट, पम्पलेट, पोस्टर एवं स्टीकर इत्यादि एक्सपर्ट/कोवार्डिनेटर्स के माध्यम से वितरित करते हुए कार्यक्रम सम्पन्न कर स्वीकृत माड्यूल/व्यय बजट विवरण के अनुसार निर्धारित समय पर सपोर्ट आई.ई.सी. गतिविधि के अन्तर्गत जागरुकता कार्यक्रम मेरी देख–रेख में सम्पादित कराया गया। कार्यक्रम पेयजल एंव स्वच्छता से सम्बन्धित होने के साथ ही जन–समुदाय के लिए अत्यन्त उपयोगी एंव लाभप्रद रहा।

उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित राजस्व ग्राम पंचायत स्तर के मुख्य 03 प्रतिभागियों के हस्ताक्षरः–

1. पीयुष राणा - 9856323294
2. गोपाल गुप्ता - 9837146337
3. विनेश कुमार - 9756400615

श्रीमती रजनी
प्रधान
ग्राम पंचायत मड़गपुर-भिमयारी
विकास खण्ड हापुड़ जिला हापुड़

हस्ताक्षर एवं मोहर
ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत/
ग्राम पंचायत सदस्य/क्षेत्र पंचायत

2023/11/20 23:03